प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 02.04.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज आकाशवाणी लखनऊ के 89 वें स्थापना दिवस समारोह को किया संबोधित : कहा–भारतीय सांस्कृतिक चेतना और साहित्यिक धरोहरों के संरक्षण का सशक्त माध्यम है आकाशवाणी।**
2. **प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी ने कहा– आकाशवाणी ने देश के आर्थिक, सांस्कृतिक और सामाजिक विकास में निभाई है अहम भूमिका।**
3. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिविल सेवकों की क्षमता विकास के लिए साधना सप्ताह 2026 का किया शुभारंभ : मुख्यमंत्री ने कहा– स्पष्ट नीति और साफ नीयत के साथ मिशन कर्मयोगी के विजन को साकार करेगी सरकार। और**
4. **प्रदेश भर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई जा रही है हनुमान जयंती : अयोध्या में श्री रामजन्म भूमि परिसर में हनुमान मंदिर में किया गया ध्वजारोहण।**

———————

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज आकाशवाणी लखनऊ केंद्र के 89 वें स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने डॉ विद्या बिंदु, प्रोफेसर सोनिया नित्यानंद समेत 10 पद्म पुरस्कार से**

अलंकृत विभूतियों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने आकाशवाणी लखनऊ से जुड़े वरिष्ठ समाचार वाचक यज्ञदेव पंडित, नवनीत मिश्र समेत 10 अन्य उद्घोषकों को सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आकाशवाणी लखनऊ की गौरवशाली यात्रा भारतीय सांस्कृतिक चेतना, लोक परंपराओं एवं साहित्यिक धरोहर के संरक्षण और संवर्धन की एक स्वर्णिम गाथा रही है। बाइट.....

*मैं इस अवसर पर पंडित गोविंद वल्लभ पंथ जी की स्मृतियों को भी नमन करता हूं कि जिन्होंने 2 अप्रैल 1938 को इस केंद्र का शुभारंभ किया और आज इस यात्रा ने कहां से कहां तक की यात्रा प्रारंभ की है। मुझे लगता है जहां पहले कोई नहीं पहुंच पाता था, वहां आकाशवाणी जरूर पहुंच जाती थी। गांव हो या शहर और यह आजादी के पहले की यात्रा है। 1938 तभी देश आजाद नहीं हुआ था। पहली धुन वंदे मातरम की आकाशवाणी लखनऊ से।*

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आकाशवाणी पर किए जाने वाले कार्यक्रम मन की बात को जनता से सीधे जुड़ने का सशक्त माध्यम बताया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आकाशवाणी विश्वसनीय समाचारों के साथ विभिन्न भाषाओं और लोक कलाकारों की कला को दर्शाने का एक बेहतरीन माध्यम रहा है। बाइट.....

*कैसे समाज को जोड़ने का माध्यम आकाशवाणी बना था, कैसे भारत की आस्था को सम्मान देने का माध्यम बना था, यह हम लोगों ने बचपन में देखा, सुना, थोड़ा बड़े हुए तो देश और दुनिया के अंदर क्या हो रहा है, हमें समाचार पत्र की पहली लाइन भी आकाशवाणी के अलग–अलग समय में*

*चलने वाली बुलेटिन के माध्यम से ही प्राप्त होती थी और उसमें भाषा की शुद्धता भी थी और समाचार की गुणवत्ता भी थी और उसमें सच्चाई भी झलकती थी।*

समारोह को संबोधित करते हुए प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी ने कहा कि आकाशवाणी ने देश क आर्थिक, सांस्कृतिक और सामाजिक विकास में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने संस्थान की आधुनिक तकनीकी प्रगति और भविष्य की योजनाओं पर भी प्रकाश डाला। बाइट.....

*एक ऐसे संस्थान के 88 वर्ष पूर्ण होने का उत्सव हम मना रहे हैं, जिसने इस देश के आर्थिक, सांस्कृतिक और सामाजिक विकास में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आजादी के पूर्व से लेकर आजादी के बाद के वर्षों में भी इस केंद्र ने उत्तर प्रदेश के कोने–कोने से कलाकारों और वार्ताकारों को मंच प्रदान किया, जहां आकर वे अपनी प्रस्तुतियां देते रहे।*

कार्यक्रम में आकाशवाणी के महानिदेशक राजीव कुमार जैन भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि आकाशवाणी अपनी विश्वसनीयता को बरकार रखते हुए निरंतर नई तकनीक को अपनाकर लोक प्रसारक क तार पर अपनी भूमिका को और मज़बूत बनाएगा। उन्होंने कहा कि आकाशवाणी का स्थापना दिवस पुरानी यात्रा के उत्सव को मनाने का अवसर है। बाइट.....

*यह एक मौका है हमारे पास एक पुरानी जो यात्रा रही है, उस यात्रा के आकलन का उसको सेलिब्रेट करने का तो हमने अपने जो पुराने हमारे नींबू के पत्थर जैसा कि मुख्यमंत्री जी ने कहा, उनको हमने याद किया है और साथ ही में जो विभूतियां है यहां की उनको भी हमने याद किया है। तो हमारा यह बड़ा उत्सव है हमारे लिए कि हम इनको याद कर रहे हैं।*

इस मौके पर सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन किया गया। समारोह में आकाशवाणी लखनऊ की कार्यक्रम प्रमुख सुमोना पांडेय समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

———————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत की तेजी से बदलती आकांक्षाओं के लिए एक ऐसे प्रशासनिक मॉडल की आवश्यकता है, जो न केवल कुशल हो, बल्कि नागरिक–केंद्रित भी हो। उन्होंने कर्मयोगी साधना सप्ताह को संबोधित करते हुए आज एक वीडियो संदेश में यह बात कही। श्री मोदी ने कहा कि सरकार का उद्देश्य सार्वजनिक सेवा को अधिक सक्षम, संवेदनशील और नागरिक–केंद्रित बनाना है। बाइट.....

*आज गवर्नेंस के जिस सिद्धांत को लेकर हम आगे बढ़ रहे हैं। उसका मूल मंत्र है, नागरिक देवो भवः। इस मंत्र में समाहित भावना के साथ आज पब्लिक सर्विस को ज्यादा कैपेबल नागरिकों के लिए ज्यादा सेंसिटिव बनाने पर फोकस किया जा रहा है। अब शासन को सिटिजन सेंट्रिकबनाकर एक नई पहचान दी जा रही है।*

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक वीडियो संदेश जारी कर कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश की डबल इंजन सरकार स्पष्ट नीति और साफ नीयत के साथ मिशन कर्मयोगी के विजन को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार कैपेसिटी बिल्डिंग को निरंतर सुदृढ़ कर रही है। बाइट.....

*राज्य सरकार सुशासन की प्राथमिकताओं में कैपेसिटी बिल्डिंग को केंद्र में रखते हुए इसे निरंतर सुदृढ़ कर रही है। राष्ट्रीय स्तर पर कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन द्वारा आयोजित साधना सप्ताह के अंतर्गत प्रदेश में व्यापक स्तर पर कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी के नेतृत्व में सभी विभागों एवं जनपदों के अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।*

————————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

————————

**केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने आज ग्रेटर नोएडा में स्किल इंडिया के तहत आयोजित पांच दिवसीय प्रतियोगिता के समापन समारोह में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में उन्होंने विजेताओं को सम्मानित भी किया। मीडिया से बातचीत के दौरान श्री चौधरी ने कहा कि युवाओं ने इस प्रतियोगिता में बढ़चढ कर हिस्सा लिया है जो एक सकारात्मक संकेत है। बाइट.....**

*इस बार जो पंजीकरण हुए इंडिया स्किल कंपटीशन में 3.5 लाख से आंकड़ा पार गया। यानी एक उत्सुकता थी, एक रुचि दिखाई देश के हमारे*

*युवा छात्र–छात्राओं ने आगे आकर। बड़े पैमाने पर जो आईटीआई में हमारे बच्चे पढ़ रहे हैं, वही इस प्रतियोगिता में आगे आए हैं। वैसे स्कूल, कॉलेजेस, पॉलिटेक्निक, यूनिवर्सिटी कुछ लोग जो इंडस्ट्री में कार्यरत हैं वह भी भाग ले रहे हैं। 650 से ज्यादा प्रतिभागी हैं और 63 अलग–अलग डिसिप्लिंस में जो वर्ल्ड स्किल कंपटीशन से अलाइन है, उसी आधार हर पर यह प्रतियोगिता हमने ऑर्गेनाइज की।*

———————————

पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने बताया है कि पिछले साल जहां 6 अमृत भारत स्टेशन पर कार्य शुरु किया गया वहीं इस साल 14 नए अमृत भारत स्टेशनों को शामिल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मैलानी से नानपारा तक घोषित हेरीटेज सेक्शन को विकसित करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। बाइट...

*इस वाले फाइनेंशियल ईयर में हम लोग 14 नए अमृत भारत स्टेशन की शुरुआत कर देंगे। इसके अलावा हमने मैलानी से नानपारा का मीटर गेज का सेक्शन था, उसको रेलवे बोर्ड ने इस साल में हेरिटेज सेक्शन डिक्लेयर कर दिया है। हमने एक कंप्रेहेंसिव मल्टी डिपार्टमेंटल प्रपोजल बनाया है जिसमें आज की तारीख में जैसे एक विस्टा डोम कोच चलता है। हम उसमें 8–10 नए विस्टा डोम कोच को ऐड करवा रहे हैं।*

———————————

प्रदेश भर में हनुमान जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई जा रही है। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर के परकोटे में स्थित हनुमान मंदिर के शिखर पर आज हनुमान जयंती के पावन अवसर पर ध्वजारोहण किया गया। पेश है एक रिपोर्ट.....

*बजरंग दल के संस्थापक विनय कटियार ने आज राम मंदिर परिसर में स्थित हनुमान मंदिर में ध्वजारोहण किया। इस दौरान पूरा मंदिर जय श्री राम के जयकारों से गूंज उठा। इस आयोजन में करीब डेढ़ सौ से अधिक साधु–संत शामिल हुए। इसके अलावा हनुमान जयंती पर प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर में भी दर्शन पूजन के लिए भक्तों का लंबी कतारें लगी हैं। कई स्थानों पर भंडारों का आयोजन भी किया गया है। तन्मय सोनी, आकाशवाणी समाचार अयोध्या।*

——————————

मौसम विभाग ने प्रदेश के पश्चिमी हिस्से में कल कहीं कहीं बारिश और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना व्यक्त की है। विभाग ने शनिवार को पश्चिमी जनपदों में बारिश और ओले गिरने जबकि पूर्वी जिलों में तेज़ हवाएं चलने का अनुमान भी जताया है।

(समाप्त)